आयातित नेत्र प्रसाधन सामग्री मे पाया गया सीसा: कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो

कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो क्या होते हैं?
ये एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व से आयातित नेत्र के सौंदर्य प्रसाधन हैं। कुछ कुछ संस्कृतियों का मानना है कि इन उत्पादों के औषधीय प्रयोजन हैं और इन्हें अपनी परंपरा के एक हिस्से के रूप में लगाते हैं। कुहिल , काजल, सूरमा और टाइरो में उच्च स्तर का सीसा पाया गया हैं।

सीसा मेरे स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है?
सीसा एक जहरीला धातु है जो कि मस्तिष्क, तंत्रिका और प्रजनन प्रणाली, गुर्दे और शरीर के अन्य भागों को नुकसान पहुंचा सकता है। जो बच्चे और गर्भवती महिलाएं सीसा युक्त उत्पादों का उपयोग करते हैं वे विशेष रूप से खतरे में हैं। इन उत्पादों के उपयोग का परिणाम सीसा विषाक्तता हो सकता है।

कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो से सीसा शरीर में कैसे चला जाता है?
जब व्यक्ति इन उत्पादों का उपयोग करता है, कुछ कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो हाथों पर आ जाता है। तो फिर उपयोगकर्ता हाथ-मुँह संपर्क के माध्यम से सीसा निगल सकता है। कुछ सीसा आँखों के माध्यम से भी अवशोषित किया जा सकता है।

किस प्रकार के कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो में सीसा होता है?
कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो की कई किस्में और निर्माता हैं। इनमें से किसी में भी सीसा हो सकता है। कुछ उत्पाद जिनमें सीसा पाया गया हैं वें यहाँ nyc.gov/hazardousproducts सूचीबद्ध हैं।

अगर मेरे कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो में सीसा है तो यह मैं कैसे पता कर सकता हूँ?
उपयोगकर्ताओं के लिए इन उत्पादों के बीच सुरक्षित और खतरनाक ब्रांडों में अंतर बताना मुश्किल है। एक उत्पाद में सीसा उच्च मात्रा में हो सकता है, पर भले ही लेबल पर सीसा एक घटक के रूप में सूचीबद्ध नहीं हो।

अगर मैंने कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो का इस्तेमाल किया है तो मुझे क्या करना चाहिए?

- **तुरंत** इन उत्पादों का उपयोग कर बंद कर दे।
- रक्त सीसा के परीक्षण के लिए अपने चिकित्सक से पूछें। अगर आपके पास डॉक्टर नहीं है, तो मदद के लिए 311 पर कॉल करें।
- इन उत्पादों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
- कुहिल, काजल, सूरमा और टाइरो .में सीसा के बारे में अधिक जानकारी के लिए **311** या 212-764-7667 **पर कॉल करें**। अनुवाद सेवाएं उपलब्ध हैं।

अतिरिक्त संसाधन अंग्रेजी में

- **फ़ूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) अलर्टस (www.fda.gov):**
  - Eye Cosmetic Safety (नेत्र प्रसाधन सामग्री सुरक्षा)
  - Kohl, Kajal, Al-Kahal, or Surma: By Any Name, Beware of Lead Poisoning (कुहिल, काजल, अल-कहल, या सूरमा: किसी भी नाम से, सीसा विषाक्तता से सावधान रहे)
- **रोग नियंत्रण केंद्र (CDC) रुगण्ता और मृत्यु-दर साप्ताहिक विवरण (MMWR) (http://www.cdc.gov/mmwr):**
  - Childhood Lead Exposure Associated with the Use of Kajal, an Eye Cosmetic from Afghanistan — Albuquerque (बाल्यावस्था में सीसे से जोखिम, अफगानिस्तान से, काजल, और आंख प्रसाधन सामग्री के इस्तेमाल से जुड़े - Albuquerque)
  - Infant Lead Poisoning Associated with Use of Tiro, an Eye Cosmetic from Nigeria (शिशु का सीसा विषिकरण, टाइरो के प्रयोग, नाइजीरिया से एक नेत्र प्रसाधन सामग्री के साथ जुड़े)